अमर उजाला 04/03/2023

# उद्यमशीलता पाक कला की दी जानकारी



**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी के वुमेन सेल की ओर से कॉलेज प्रांगण में स्नैक ओ स्नैक कार्यक्रम हुआ। वूमेन सेल कमेटी की संयोजिका डॉ. सीमा कंसल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पाक कला और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि विश्व के अंदर पाक कला और उद्यमशीलता के महत्व पर विशेषकर जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वयंसिद्ध आयुर्वेद प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ऋषभ गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि की भूमिका निभाई। वूमेन सेल कमेटी की अध्यक्ष डॉ. सीमा कंसल, सदस्य डॉ. मीनू राठी, डॉ. तृप्ति शर्मा और डॉ. नीना इस अवसर पर उपस्थित रहीं। संवाद